Publication : Daily News	Edition : Jaipur
Date : April 02, 2020	Page: 10

बीओबी की ईएमआई लौटाने की पेशकश

डेली न्यूज, नई दिल्ली। सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने बुधवार को कहा है कि वह अपने खुदरा ग्राहकों से कोरोना वायरस महामारी के चलते उत्पन्न हुए उनके किसी नकदी संकट को दूर करने के लिए उन्हें पहले से वसूली गई मार्च महीने की ईएमआई का रिफंड लेने का विकल्प देने की पेशकश करती है। गौरतलब है कि देशभर में 25 मार्च से ही 21 दिन का लॉकडाउन चल रहा है। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए इसके संक्रमण की चेन को तोड़ना जरूरी है, इसी उद्देश्य से देशभर में लॉकडाउन किया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा मार्च महीने की ईएमआई के रिफंड का विकल्प केवल होम और ऑटो लोन वाले देनदारों को दे रही है। पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा एक मार्च 2020 से 31 मई 2020 के बीच के सभी टर्म लोन्स की सभी किस्तों के भुगतान पर दी गई तीन महीने की रियायत के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को यह विकल्प दिया है। आरबीआई द्वारा कोरोना वायरस महामारी संकट को देखते हुए कर्ज के बोझ से कुछ समय के लिए राहत देने के उद्देश्य से यह पेशकश की गई है।